हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार 20 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 29 .2 डिग्री
न्यूनतम 14 .5 डिग्री


12 विकास कार्यों के मिली रफ्तार, मंडी में 37 लाख…


12 परीक्षा केंद्रों का उपाध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण…

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा दे युवती को किया अगवा, केस

**यमुनानगर।** शहर जगाधरी थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में युवक शादी का झांसा देकर युवती को अगवा करके ले गया। शहर जगाधरी थाना क्षेत्र की एक कालोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 24 वर्षीय लड़की 18 मार्च को रात आठ बजे किसी काम से बाहर गई थी। मगर घर नहीं लौटी। काफी तलाश के बाद उन्हें मालूम हुआ कि दो भानु नामक युवक शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इसके बाद उन्होंने आरोपी भानू के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने युवती के परिजनों की शिकायत पर आरोपी पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ट्रेन की चपेट में आने से गई युवक की जान

**पानीपत।** पानीपत में लघु सचिवालय के पीछे रेलवे ट्रैक पार करते समय फरीदाबाद निवासी संदीप शर्मा की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। संदीप अपनी बहन से मिलने के लिए पानीपत आया था। जीआरपी ने पोस्टमार्टम के बाद संदीप का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दो नशा तस्करों को 10 और 20 साल की कैद

**पानीपत।** अदालत ने मादक पदार्थ तस्करी में पानीपत के पट्टी कल्याणा निवासी प्रवीण कुमार पुत्र मोहकम व सोनीपत के गढी कलां निवासी संजीव उर्फ बिट्टू पुत्र प्रेम चंद को दोषी करार दिया है। एएसजे योगेश चौधरी ने प्रवीण को दस साल के कठोर कारावास व एक लाख रुपये जुर्माने की सजा दी। जुर्माना न देने पर उसे एक साल अतिरिक्त कैद भोगनी होगी। जबकि संजीव को 20 साल के कठोर कारावास व दो लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना न देने पर संजीव को दा साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। इधर, पुलिस ने दोषियों से 97.60 किलोग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामद किया था। इन पर थाना समालखा में 28 फरवरी 2019 को 15 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था।

### कहासुनी में भाई ने ही भाई पर किया कुल्हाड़ी से हमला

यमुनानगर के छछरौली थाना क्षेत्र के गांव बलाचौर में कहासुनी के चलते एक भाई ने दूसरे भाई पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। शिकायतकर्ता फूलचंद के अनुसार उसके भाई रणवीर सिंह की कुछ दिन पहले इंद्रराज से कहासुनी हुई थी, जिसके बाद वह रंजिश रखने लगा। 16 मार्च को इंद्रराज ने मौके पर रणवीर पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर सुनकर लोग पहुंचे तो आरोपी फरार हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## नहीं थम रहीं पश्चिमी यमुना नहर में अवशेष मिलने की घटनाएं, फूटा गुस्सा

# इंद्री में फिर मिले गोवंशों के अवशेष गोरक्षकों ने स्टेट हाईवे पर लगाया जाम

**धमनहेड़ी के पास बुधवार को भी मिले थे आठ गोवंशों के अवशेष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री


इंद्री। करनाल-लाडवा स्टेट हाईवे पर जाम लगाकर बैठे गो रक्षक।

इंद्री के पास पश्चिमी यमुना नहर से गोवंशों के अवशेष मिलने की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। बुधवार को गांव धमनहेड़ी के पास नहर से 8 गोवंशों के अवशेष मिलने के बाद गुरुवार सुबह फिर उसी स्थान से थोड़ा इंद्री की ओर सात और गोवंशों के अवशेष मिले। जिससे गो रक्षा दल के सदस्यों व आस पास के लोगों मे रोष पनप गया। बड़ी संख्या में गो-रक्षक दल के सदस्य मौके पर पहुंचे और विरोध जताते हुए करनाल-लाडवा स्टेट हाईवे पर इंद्री स्थित शहीदी चौक के पास गोवंशों के अवशेष सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। गो रक्षको ने गोवंशों के हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी की मांग करते हुए पुलिस और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रोष जताया। इंद्री थाना प्रभारी विपिन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और गो रक्षको को समझाने का प्रयास किया, लेकिन गो-रक्षक अपनी मांगों पर अड़े रहे।

गो रक्षा दल सदस्य मोनू राणा, पहलवान, मोनी काली रमन व मोनू धीमान आदि ने मांग रखी कि 24 घंटे के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए, नहर किनारे सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, झुग्गी-झोपडियों में सर्च अभियान चलाया जाए, नहर पर पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और बेसहारा गोवंशों के लिए गोशालाओं मे रखने की व्यवस्था की जाए आदि मांगो पर अडे रहे। गो रक्षको ने कहा कि यह घटना हिंदू भावनाओं को आहत करने वाली है और इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर पहुंचे एसडीएम अनिल कुमार और डीएसपी सतीश गोतम ने गो रक्षको को आश्वासन दिया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा और आरोपियों के खिलाफ कडी कार्यवाही की जाएगी। आश्वासन के बाद गो रक्षको ने करीब एक घंटे से अधिक समय तक लगा जाम खोल दिया । जिसके बाद गोवंशों के अवशेषों को पोस्टमार्टम के लिए करनाल के उचानी स्थित पशुधन केंद्र भेज दिया गया । गो रक्षको ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही गोवंशों के हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे फिर से स्टेट हाईवे पर जाम लगा देंगे । इस दौरान करीब एक घंटे से अधिक समय तक स्टेट हाईवे पर जाम लगा रहा। जाम के कारण सडक के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

पुलिस ने ट्रैफिक को डायवर्ट कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। इस मामले में इंद्री थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि गुरुवार को फिर से सात गोवंशों के अवशेष मिले हैं जिनका पोस्टमार्टम करनाल के उचानी स्थित पशुधन केंद्र से करवाया गया है । उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा इंद्री में सर्च अभियान भी चलाया हुआ है । पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य कर रही है । शीघ्र ही आरोपियों को काबू कर लिया जाएगा ।

# हत्यारे को सुनाई आजीवन कठोर कारावास की सजा

- 14 अप्रैल 2023 को चुन्नी से गला घोंटकर की थी महिला की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट) की अदालत ने हत्या के आरोपी सुदेश उर्फ अनु, निवासी बेरथला, जिला कुरुक्षेत्र को आजीवन कठोर कारावास तथा जुर्माने की सजा सुनाई है।

जिला न्यायवादी ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 अप्रैल 2023 को थाना शाहाबाद पुलिस को दिए गए बयान में बेरथला निवासी एक युवती ने बताया कि वह बारहवीं कक्षा में पढ़ती है। उसके पिता राज मिस्त्री का काम करते हैं तथा उसकी माता गृहिणी हैं। उसके पिता के साथ गांव बेरथला का रहने वाला सुदेश भी काम करता था।

14 अप्रैल 2023 को करीब 11 बजे वह अपनी माता के साथ गांव के पास खेतों में घास लेने गई थी। वह खेत के बाहर बैठ गई, जबकि उसकी माता अंदर घास लेने चली गई। लगभग 12 बजे उसकी माता की चीखने की आवाज सुनकर वह दौड़कर गन्ने के खेत में पहुंची। वहां उसने देखा कि सुदेश उसकी माता को नीचे गिराकर उसके ऊपर बैठा हुआ था और चुन्नी से उसका गला घोंट रहा था। उसे देखते ही सुदेश चुन्नी फेंककर मौके से फरार हो गया। जब युवती ने पास जाकर देखा, तो उसकी माता की मृत्यु हो चुकी थी। इस बयान के आधार पर थाना शाहाबाद में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच थाना प्रभारी शाहाबाद द्वारा की गई। मृतका का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

तफ्तीश के दौरान आरोपी सुदेश उर्फ अनु को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। मामले का चालान अदालत में प्रस्तुत किया गया। मामले की नियमित सुनवाई के बाद अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट) ने गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया और भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कठोर कारावास तथा 1 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# दमोहपुरा के पास कार ने पीछे से मारी टक्कर, बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुनानगर के बुडिया थाना क्षेत्र में गांव दमोहपुरा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के गांव बरथाकोरसी निवासी 36 वर्षीय अमित कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के भाई संजय कुमार ने बताया कि वह अपने भाई राजेंद्र सिंह के साथ किसी निजी काम से मंडौली आया था, जहां अमित भी अपनी बाइक से पहुंच गया। काम खत्म होने के बाद तीनों अलग-अलग बाइकों पर मंडौली से जगाधरी की ओर रवाना हुए। अमित सबसे आगे चल रहा था, जबकि संजय और राजेंद्र पीछे थे। दमोहपुरा कलां के पास पीछे से तेज रफ्तार सफेद स्विफ्ट डिजायर कार ने अमित की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया।

### बस की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

करनाल। जिले के प्योंट गांव में तेज रफ्तार हरियाणा रोडवेज बस की टक्कर से 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला सुदेशा की दर्दनाक मौत हो गई। वह अपनी बुआ के साथ वृंदावन जाने के लिए अड्डे पर पहुंची थीं और सड़क पार कर रही थीं, तभी बस ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बाद में शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतका के बेटे विक्की ने बताया कि वह एक दिन पहले अपनी मां को गांव छोड़कर आया था और रात को अस्पताल से मिली सूचना के बाद उसे हादसे का पता चला। परिजनों ने बस चालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। निसिंग थाना पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी चालक की तलाश जारी है।

### 306 ग्राम हेरोइन के साथ युगांडा की महिला पकड़ी

**अंबाला।** सीआईए-1 टीम ने नशा तस्करी के एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए युगांडा की महिला हलीमा नबोसा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 306 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली हेरोइन बरामद की, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब डेढ़ से दो करोड़ रुपये आंकी गई है। सीआईए-1 प्रभारी हरजिंद्र सिंह के अनुसार, 17 मार्च की रात गुप्त सूचना मिलने पर अंबाला कैंट क्षेत्र में घेराबंदी की गई और देर रात करीब 2 बजे संदिग्ध महिला को पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी दिल्ली में रह रही थी और वहां से हेरोइन लाकर अंबाला में सप्लाई करने वाली थी। पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर 5 दिन के रिमांड पर लिया है, ताकि गिरोह के सदस्यों और अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन का खुलासा हो सके।

# मानसिक रूप से परेशान दो बच्चों के पिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- शहर की शिवपुरी बी कॉलोनी की घटना, छह महीने पहले छोड़कर चली गई थी पत्नी
- सुसाइड नोट के आधार पर मामले की छानबीन में जुटी पुलिस



शहर की शिवपुरी बी कॉलोनी में बीती रात एक व्यक्ति ने मानसिक रूप से परेशान होकर अपने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी करीब छह महीने पहले उसे छोड़कर चली गई थी। जिसके बाद से वह अपने बच्चे दो बच्चों के साथ घर में रहता था।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरे की तलाशी ली। जहां से सुसाइड नोट बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। शिवपुरी बी कॉलोनी निवासी 45 वर्षीय जरनैल सिंह यमुनानगर सब्जी मंडी के पास ढाबा चलाता था। बताया जा रहा है कि छह महीने पहले जरनल सिंह की पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। जिसके बाद से वह अपने दो बच्चों के साथ घर में रहता था।

पत्नी के छोड़ के जाने के बाद से वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। बुधवार रात वह काम से लौटने के बाद अपना खाना खाकर छत के ऊपर बने कमरे में सोने के लिए चला गया। सुबह जब वह नहीं उठा तो परिजनों ने आवाज लगाई मगर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। परिजनों ने जब खिड़की से झांक कर देखा तो जरनैल सिंह फंदे पर लटका हुआ था।

उन्होंने दरवाजा तोड़कर मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरे की तलाशी ली तो वहां से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ। पुलिस ने शव को नीचे उतारा। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी।

### लाडवा में तेज म्यूजिक को लेकर झगड़ा, देर रात घर पर फायरिंग

**कुरुक्षेत्र।** जिले के लाडवा क्षेत्र में म्यूजिक बजाने को लेकर शुरू हुआ विवाद देर रात फायरिंग की घटना में बदल गया। जानकारी के अनुसार, वार्ड-11 स्थित संगम मार्केट में नेपाल मूल का कर्ण अपने परिवार के साथ किराये पर रहता है और मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है। बीती रात करीब 11 बजे कर्ण ने अपने घर पर तेज म्यूजिक चला रखा था, जिससे परेशान होकर पड़ोसी आदी राणा (निवासी सहारनपुर, यूपी), जो अपनी नानी के यहां रह रहा है, ने उसे म्यूजिक बंद करने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। स्थिति बिगड़ती देख किसी ने डायल-112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर शांत करवा दिया। लेकिन रात करीब 2 बजे आदी राणा अपने कुछ साथियों के साथ वापस आया और कर्ण के घर पर करीब 5 राउंड फायरिंग कर दी। हालांकि इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ। आरोपियों ने परिवार को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए।घटना के बाद कर्ण का परिवार दहशत में है। थाना लाडवा के एसएचओ गुरनाम सिंह के अनुसार, पुलिस ने मौके से 5 खोल बरामद किए हैं और सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपियों की तलाश जारी है।

# धोखे से रचाई दो शादी, पति समेत 3 पर केस

## महिला ने लगाया आरोप- पति ने पहली शादी से बेटी होने की बात भी छुपाई

- पुलिस ने एडीआर सेंटर की रिपोर्ट और प्राथमिक जांच के बाद की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जिले की एक महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए धोखाधड़ी, मारपीट और मानसिक प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता अनामिका शर्मा के अनुसार, उसकी शादी 10 अप्रैल 2022 को कुरुक्षेत्र निवासी मनीष के साथ हुई थी।

विवाह के समय आरोपी पक्ष ने मनीष की पिछली दो शादियों और एक बेटी होने की जानकारी छुपाई। बाद में उसे पता चला कि यह मनीष की तीसरी शादी थी। अनामिका का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही सास और ननद ने उसे छोटी-छोटी बातों पर परेशान करना शुरू कर दिया और कई बार उसके साथ मारपीट भी की गई।

ससुराल पक्ष की ओर से लगातार दहेज की मांग की जाती रही, जिसमें गाड़ी और नकदी शामिल थी। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसके ससुर ने उसे धमकाते हुए जबरन कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाए, जिनमें उसे 'पागल' और 'चरित्रहीन' साबित करने की कोशिश की गई, ताकि भविष्य में कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके। पीड़िता ने बताया कि बेटे के जन्म के समय भी उससे पैसों की मांग की गई और उसे मोबाइल फोन रखने की अनुमति तक नहीं दी गई। ससुर द्वारा खुद को मुख्यमंत्री का करीबी बताते हुए डराया-धमकाया गया कि कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। एक घटना में, जब मायके वाले उसे लेने आए, तो ससुराल पक्ष ने बच्चे को छिपा लिया और 50 हजार रुपये की मांग करते हुए हाथापाई की। अनामिका का कहना है कि वह अपना वैवाहिक जीवन बचाना चाहती थी, लेकिन पति ने उसे साथ रखने से इनकार कर दिया और उसका नंबर भी ब्लॉक कर दिया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच और एडीआर सेंटर की रिपोर्ट के आधार पर पति, सास, ससुर और ननद के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पिहोवा में 5.58 करोड़ के धान घोटाले में राइस मिल पर केस दर्ज

**कुरुक्षेत्र।** जिले में धान घोटाले को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है, जिससे प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है। करनाल और यमुनानगर के बाद अब पिहोवा क्षेत्र में भी गड़बड़ी सामने आई है। खाद्य आपूर्ति विभाग की शिकायत पर पिहोवा स्थित एक राइस मिल के खिलाफ करीब 5 करोड़ 58 लाख रुपये के गबन का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार 17 मार्च को खाद्य आपूर्ति नियंत्रक के आदेश पर गठित टीम ने संबंधित राइस मिल की फिजिकल वेरिफिकेशन की। जांच के दौरान करीब 24 हजार क्विंटल धान स्टॉक से कम पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 5.58 करोड़ रुपये आंकी गई। आरोप है कि मिलर ने इस धान का गबन कर उसे खुर्द-बुर्द कर दिया। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और संबंधित रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।गौरतलब है कि भारतीय किसान यूनियन लंबे समय से धान घोटाले का मुद्दा उठा रही है। भाकियू नेता प्रिंस वड़ैच ने कहा कि यदि निष्पक्ष जांच की जाए तो पिहोवा के राइस मिलों में ही 100 करोड़ रुपये से अधिक का घोटाला सामने आ सकता है। यूनियन ने दोषी मिलरों और संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## बैठक के एजेंडे में शामिल 15 में से 9 मामलों का मौके पर ही किया समाधान

# खाद्य आपूर्ति विभाग के निरीक्षकों पर सख्ती, राज्य मंत्री नागर ने दिए एफआईआर अनुसार कार्रवाई के आदेश, फिर निलंबन की सिफारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

- हरियाणा के खाद्य नागरिक, आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री राजेश नागर ने ली जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक




हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री राजेश नागर ने महावीर कॉलोनी, लाडवा निवासी सोनू नारंग की शिकायत पर सुनवाई करते हुए निर्देश दिए कि खाद्य आपूर्ति विभाग के सस्पेंड हुए दोनों निरीक्षकों के खिलाफ दर्ज एफआईआर के अनुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही दोनों निरीक्षकों को पुनः सस्पेंड करने की अनुशंसा मुख्यालय को भेजी जाए।

राज्यमंत्री राजेश नागर वीरवार को नई लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा और जिला अध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी भी उपस्थित रहे।बैठक के एजेंडे में शामिल 15 मामलों में से 9 मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष 6 मामलों को अगली बैठक के लिए लंबित रखा गया।

राज्यमंत्री ने विष्णु कॉलोनी निवासी सोम प्रकाश की शिकायत पर पुलिस को निर्देश दिए कि खाते में भुगतान किए जाने के बावजूद मकान पर कब्जा करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाए और शिकायतकर्ता को मकान की कब्जा दिलवाया जाए। शिकायतकर्ता ने बताया कि पूरी राशि लेने, रजिस्ट्री और इंतकाल कराने के बाद भी उसका मकान दोबारा कब्जा कर लिया गया। गांव झिंवरहेडी निवासी सोमी, नीलम और मनजीत की शिकायत पर केनरा बैंक के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि समूह लोन लेने वाली महिलाओं की ऋण राशि का निपटान किया जाए। इसी प्रकार सेक्टर-4 निवासी उर्मिला सोढ़ी की शिकायत पर दोनों पक्षों की सुनवाई कर पारिवारिक समझौता कराने के निर्देश दिए गए। हरिद्वार निवासी गुरुदेव सिंह की शिकायत पर राज्यमंत्री ने संबंधित विभाग को भूमि की निशानदेही कराने, कब्जाधारियों के दस्तावेजों की जांच करने तथा जांच में सही पाए जाने पर शिकायतकर्ता को कब्जा दिलाने के निर्देश दिए। सेक्टर-2 निवासी सरोजबाला के मामले में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को निशानदेही कराने और वन विभाग को प्लॉट में खड़े पेड़ों को हटाने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि शिकायतकर्ता पिछले एक वर्ष से विभागों के चक्कर लगा रहा है, इसलिए उसे मुआवजा भी दिया जाए।

बैठक में गांव कौलापुर निवासी अमरीक सिंह, पिहोवा निवासी शुभम गुप्ता, गांव झिंझरपुर निवासी राजेंद्र कुमार, गांव खेड़ा निवासी सचिन कुमार तथा सुल्तान सिंह की शिकायतों पर भी कार्रवाई की गई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य, एसडीएम अनुभव मेहता, एसडीएम अनिल दून, सीईओ केडीबी पंकज सेतिया, डीएमसी अमन कुमार, सीईओ जिला परिषद शंभू राठी सहित सरकारी व गैर सरकारी सदस्य मौजूद रहे।

# अमेरिका भेजने के नाम पर 70 लाख ठगे, चार एजेंटों पर केस

- 17 लाख में सौदेबाजी कर की ठगी, मकान भी बैंक में गिरवी रखवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

विदेश भेजने के नाम पर 70 लाख रुपये की ठगी की गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डॉक्टर कॉलोनी के हरजिंदर कुमार ने बताया कि आरोपियों ने उसके बेटे साहिल को वैध तरीके से अमेरिका भेजने का झांसा देकर मेक्सिको और पनामा के जंगलों में डंकी मार्ग पर मौत के मुंह में धकेल दिया। हरजिंदर कुमार ने बताया कि एजेंट कुलदीप सिंह छोक्कर ने उनके बेटे साहिल को 8 दिन के भीतर लीगल तरीके से अमेरिका भेजने के बदले 17 लाख रुपये में सौदा तय हुआ। आरोपियों ने किस्तों में करीब 70 लाख रुपये वसूल लिए।

पैसे ऐंठने के लिए आरोपियों ने मकान पर लोन तक करवा दिया। पुलिस ने आरोपी कुलदीप सिंह छोक्कर, अरविंद कुमार, रेशम सिंह और बरकत सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है। परिवादी ने बताया कि साहिल को पहले इटली भेजा गया, जहां उसे एक कमरे में बंधक बनाकर रखा गया। आरोप है कि वहां बरकत सिंह उर्फ बग्गा नामक युवक ने साहिल को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। उसे जबरन मांस-मदिरा सेवन के लिए मजबूर किया और पैसे न देने पर जान से मारने की धमकियां दी गईं।

पिता ने आरोप लगाए कि उनके बेटे को कंटेनर में भरकर भयानक जंगलों में छोड़ दिया गया। वहां डोंकरों ने उससे सारे डॉलर छीन लिए और भूखा-प्यासा रखा गया। जब परिजनों ने दबाव बनाया तो आरोपियों ने पासपोर्ट पर फर्जी वीजा स्टिकर लगा दिया। इसके बाद उसे स्पेन के रास्ते मेक्सिको बॉर्डर के पास सुनसान जगह पर छोड़ दिया। वहां से उसे अवैध तरीके से सीमा पार करने को कहा गया। करीब 10 महीने अमेरिका के कैंप में रहने के बाद साहिल को अक्टूबर 2025 में डिपोर्ट कर दिया गया।

**खबर संक्षेप**



## राज्यसभा सदस्य बनने पर कर्मवीर बौद्ध के समर्थन में जश्न

**करनाल।** कर्मवीर बौद्ध के राज्यसभा सदस्य चुने जाने पर अंबेडकरवादी सामाजिक संगठनों में खुशी की लहर दौड़ गई। करनाल के अंबेडकर चौक पर लड्डू बांटकर जश्न मनाया गया। संगठनों के प्रतिनिधियों व सदस्यों ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी व हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अनुसूचित जाति वर्ग का सम्मान बढ़ाया है, जिससे दलित समाज में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर जोगिंद्र वाल्मीकि ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अनुसूचित जाति वर्ग की भलाई के लिए कार्य किए हैं। कर्मवीर बौद्ध के राज्यसभा सदस्य बनने से कांग्रेस पार्टी और मजबूत होगी।

कृष्ण कुटेल ने कहा कि कर्मवीर बौद्ध संविधान के ज्ञाता हैं और संविधान की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर जोगिंदर वाल्मीकि, कृष्ण कुटेल, मान सिंह वकील, सुबे सिंह गोन्दर, प्रवीण उचाना, प्रहलाद चहल, राधेश्याम, सुरजभान सोलंकी, रवि चालिया, विनोद जयन्त, अर्जुन जाटों गेट, संजय बस्तली, जसपाल माजरा, राममेहर, आजाद दरड़, राजेश व सुभाष मेहरा मौजूद रहे।

### 31 मार्च तक बकाया जमा करने की अपील, देरी पर 18 प्रतिशत ब्याज

# करनाल नगर निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स वसूली का नया कीर्तिमान बनाया

- 27 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 28 .86 करोड़ रुपये की वसूली कर उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रॉपर्टी टैक्स वसूली का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। निगम ने 27 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 28.86 करोड़ रुपये की वसूली कर उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले ही यह उपलब्धि हासिल कर निगम प्रशासन ने अपनी कार्यक्षमता का परिचय दिया है।

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने शहरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि करदाताओं के सहयोग से ही यह रिकॉर्ड संभव हो पाया है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि 31 मार्च से पहले अपने सभी बकाया टैक्स का भुगतान कर दें, ताकि उन्हें 18 प्रतिशत वार्षिक ब्याज जैसी अतिरिक्त आर्थिक भार का सामना न करना पड़े।

निगम प्रशासन की ओर से करदाताओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। निगम कार्यालय में कार्यदिवसों पर छह काउंटरों के माध्यम से टैक्स जमा कराया जा सकता है, वहीं ऑनलाइन पोर्टल के जरिए भी भुगतान की सुविधा उपलब्ध है।



### ब्याज माफी योजना से मिल सकती है राहत

महापौर ने बताया कि सरकार स्तर पर बकाया प्रॉपर्टी टैक्स पर ब्याज माफी योजना लाने की तैयारी है। योजना लागू होने के बाद करदाताओं को राहत मिलने की उम्मीद है और इससे निगम की राजस्व वसूली में भी बढ़ोतरी होगी।

**102 बड़े डिफॉल्टरों को नोटिस जारी:** निगम के कर अधिकारियों के अनुसार बकाया टैक्स नहीं चुकाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बड़े डिफॉल्टरों की पहचान कर 102 नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

## स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर निगम ने कसी कमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- अतिक्रमण और गंदगी फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शहर को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर स्थान दिलाने के लिए समन्वित प्रयास किए जाएं।

उन्होंने बताया कि पिछली बार करनाल ने 50 हजार से 3 लाख जनसंख्या वर्ग में देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया था और यह उपलब्धि हासिल करने वाला हरियाणा का पहला शहर बना था। इस बार भी इसी प्रदर्शन को दोहराने का लक्ष्य रखा गया है।

निरीक्षण को ध्यान में रखते हुए शहर में विशेष अभियान चलाया जाएगा। रेहड़ी-फड़ी संचालकों को व्यवस्था बनाए रखने के लिए जागरूक किया जाएगा, जबकि अतिक्रमण या गंदगी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। जरूरत पड़ने पर सामान जब्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

नगर निगम ने गांधी चौक से निर्मल कुटिया, कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज से दयाल सिंह कॉलेज और पुरानी बस स्टैंड क्षेत्र तक विशेष सफाई और निरीक्षण अभियान चलाने की योजना बनाई है।



तरावड़ी। शहर के करनाली गेट चौक में नुक्कड़ नाटक करते हुए स्कूली बच्चे व नवी पुहल कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26

## तरावड़ी नगर पालिका ने दिया नुक्कड़ नाटक के जरिए संदेश

- नुक्कड़ नाटक में स्कूली छात्रों ने निभाई अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

नगर पालिका द्वारा लगातार स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर स्वच्छता से संबंधित गतिविधियां करवाई जा रही है । सचिव अजीत कुमार नगर पालिका के आदेश अनुसार करनाली गेट के पास नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया । इस नुक्कड़ नाटक में शहर के नवी पुहल कलाकार मुख्य भूमिका में रहे और इनके साथ में सरस्वती पब्लिक स्कूल के छात्र व छात्राओं ने मिलकर अपनी अहम भूमिका अदा की।

इस नुक्कड़ नाटक का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच यह संदेश पहुंचाना था कि हमारे घरों व दुकानों से जो कचरा निकलता है उसको हमने व्यवस्थित तरीके से डस्टबिन में डालकर रखना है और जब नगर पालिका की गाड़ी आती है तब उस कचरे को नगर पालिका की गाड़ी में ही डालना है ।

### कपड़े के थैले करें यूज

स्कूली बच्चों ने इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया कि हमने अपने घर के कचरे को बाहर सडक के किनारे या नाली में नहीं डालना बल्कि अपने घर या दुकान में दो डस्टबिन रखकर उस कचरे को अलग-अलग करके डस्टबिन में डालने का काम करना है। साथ में बच्चों ने यह संदेश भी लोगों के बीच पहुंचाया कि हमने अपने शहर तरावड़ी को साफ स्वच्छ और सुंदर बनाना है इसके लिए सिंगल युज प्लास्टिक जैसे पॉलिथीन डिस्पोजल इत्यादि का त्याग करना है और इसकी जगह पर जुट या कपड़े के थैलों और मेटल के बर्तनों का प्रयोग करना है । इस नुक्कड़ नाटक का आयोजन नगर पालिका के मोटीवेटर राजवंती व परविंदर सिंह और सरस्वती पब्लिक स्कूल तरावड़ी के प्रिंसिपल राकेश भाटिया द्वारा करवाया गया । नगर पालिका के सफाई कर्मचारी बुधराम और लिपिक जॉन लाल नुक्कड़ नाटक के इस प्रोग्राम में शामिल हुए ।

## आर्य समाज स्थापना सप्ताह समारोह में छात्राओं को दिए वैदिक मूल्यों के संस्कार

- डीएवी महिला महाविद्यालय में सप्ताहभर चलेंगे शैक्षणिक, सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में आर्य युवती परिषद के सौजन्य से आर्य समाज स्थापना सप्ताह समारोह उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में वैदिक मूल्यों, सामाजिक जागरूकता तथा राष्ट्र निर्माण में आर्य समाज के योगदान के प्रति समझ विकसित करना है। महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह की शुरुआत उनके स्वागत भाषण से हुई। 'भारत के विकास में आर्य समाज का योगदान' विषय पर व्याख्यान देते हुए आर्य युवती परिषद की संयोजिका डॉ. सुनीता ने कहा कि आर्य समाज ने शिक्षा, सामाजिक सुधार और राष्ट्रीय चेतना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों ने समाज को अंधविश्वासों से मुक्त कर सत्य और तर्क के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने नारी शिक्षा, जाति-पाति उन्मूलन और स्वदेशी भावना को बढ़ावा देने में आर्य समाज की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया।

## अनेक राजनेताओं ने दी प्रेम कौर कल्याण को श्रद्धांजलि

**घरौंडा।** कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, विपुल गोयल, मंत्री गौरव गौतम सहित प्रदेश के अनेक राजनेताओं, अधिकारियों व गणमान्य व्यक्तियों ने आज कुटेल स्थित कल्याण फार्म पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की मां प्रेम कौर कल्याण को श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं जताईं। प्रेम कौर कल्याण का 13 मार्च की रात को निधन हो गया था। आज श्रीमती प्रेम कौर कल्याण को श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, विपुल गोयल, मंत्री गौरव गौतम, सांसद धर्मवीर सिंह, मंत्री राजेश नागर, भाजपा प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, विधायक योगेंद्र राणा, बलराम दांगी, जस्सी पेटवाड., भगवानदास कबीरपंथी, नरेश शेरवाल, राजबीर फरटिया, चंद्रप्रकाश, पूजा चौधरी, बिमला चौधरी, कुंवर यादव, जोगी राम सिहाग, रामकुमार गौतम, आफताब अहमद, प्रमोद विज, तेजपाल तंवर, सुनील सांगवान अनिल यादव, रामकरण काला, अशोक अरोड़ा, इंदु राज, राज्य सभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा आदि शामिल रहे।

## विधानसभा की कार्यवाही को नजदीक से देखकर छात्र-छात्राओं ने बढ़ाया ज्ञान

- बजट सत्र में शामिल होकर विद्यार्थियों ने समझी संसदीय प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



गुरु नानक खालसा कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेकर संसदीय कार्यवाही को नजदीक से देखा और अपने ज्ञान में वृद्धि की। प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण के तहत चंडीगढ़ स्थित हरियाणा विधानसभा में कॉलेज के 16 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। विद्यार्थियों ने सदन की कार्यवाही को ध्यानपूर्वक देखा और बजट से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इस दौरान विद्यार्थियों ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का बजट भाषण भी सुना। विद्यार्थियों ने कहा कि यह उनके लिए एक रोचक, सुखद एवं ज्ञानवर्धक अनुभव रहा। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने चंडीगढ़ के प्रसिद्ध रॉक गार्डन, सुखना लेक तथा रोज गार्डन का भ्रमण भी किया। रोज गार्डन में विद्यार्थियों ने गुलाब की हजारों प्रजातियों को देखा। विद्यार्थियों ने कहा कि यह यात्रा उनके लिए यादगार रही और विधानसभा का बजट सत्र देखना सबसे महत्वपूर्ण एवं अविस्मरणीय पल रहा। मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों एवं विधायकों को एक साथ देखना उनके लिए बेहद खास अनुभव रहा।

## टूटा नाला बना मौत का कारण, सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

- सामने से आ रहे वाहनों की तेज लाइट आंखों में पड़ने से बाइक चालक संतुलन खो बैठा

**तरावड़ी।** देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, हिमांशु (22) पुत्र स्वर्गीय लाजपत राय, निवासी तरावड़ी, अपने एक साथी के साथ बुधवार रात करीब 12 बजे नीलोखेड़ी से तरावड़ी की ओर जीटी रोड की सर्विस लेन से आ रहा था।

बताया जा रहा है कि पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे वाहनों की तेज लाइट आंखों में पड़ने से चालक संतुलन खो बैठा। इसी दौरान सड़क किनारे बने टूटे हुए नाले में बाइक जा गिरी, जिससे दोनों युवक नाले में गिर पड़े। हादसे में हिमांशु के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। घायल युवक ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को नीलोखेड़ी के अस्पताल पहुंचाया और परिजनों को सूचित किया।

अस्पताल ले जाते समय तक हिमांशु की मौत हो चुकी थी। प्राथमिक जांच के बाद उसे करनाल ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। गुरुवार को नीलोखेड़ी पुलिस के जांच अधिकारी संदीप रंगा ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

हिमांशु की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया जा रहा है कि उसकी मां विधवा है और हिमांशु ही परिवार का एकमात्र सहारा था। हाल ही में वह काम करने लगा था और घर की जिम्मेदारी संभाल रहा था। बेटे की असमय मौत से मां का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के लोगों का कहना है कि उनका एकमात्र सहारा भी भगवान ने छीन लिया।

### यज्ञ, भजन और वेद प्रवचन होंगे

## शहीदी दिवस श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- लोगों से कार्यक्रम में पहुंचकर धर्म लाभ उठाने का आह्वान किया

आ्य समाज सभा प्रेम नगर का वार्षिकोत्सव एवं शहीदी दिवस 20 से 23 मार्च तक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

कार्यक्रम की शुरुआत 20 मार्च को यज्ञ से होगी। 21 को सुबह और शाम यज्ञ, भजन एवं वेद उपदेश कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 22 को भी धार्मिक कार्यक्रम जारी रहेंगे। 23 मार्च को शहीदी दिवस के अवसर पर सुबह आठ बजे यज्ञ में पूर्णाहुति डाली जाएगी और दोपहर दो बजे शांति पाठ होगा। संरक्षक शमशेर कुमार शास्त्री, मंत्री हरेंद्र मोहन चौधरी, कोषाध्यक्ष सत्यपाल नागपाल ने लोगों से कार्यक्रम में पहुंचकर धर्म लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वैदिक वक्ता आचार्य अनुज शास्त्री, भजनोपदेशक मुकेश शास्त्री, पुरोहित शिव प्रसाद, राजीव आर्य, धर्म प्रकाश शास्त्री व निर्मल शास्त्री भाग लेंगे।

## नवरात्रों में मंदिरों के आसपास मांस की दुकानें रहेंगी बंद : डॉ. वैशाली

- उल्लंघन करने पर बिना नोटिस होगी कार्रवाई : निगम आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि नवरात्रों के दौरान मंदिरों और उपासना स्थलों के आसपास मीट की दुकानें बंद रखी जाएं। यह आदेश 19 मार्च से रामनवमी तक और 31 मार्च को महावीर जयंती तक लागू रहेगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अवधि में यदि किसी भी स्थान पर मीट की दुकान खुली पाई गई तो बिना पूर्व सूचना के उसे बंद कराया जाएगा और सामान भी जब्त किया जा सकता है।

**नियमों का पालन करने की अपील :** निगम प्रशासन ने सभी दुकानदारों से धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए नियमों का पालन करने की अपील की है।

### नव संवत्सर व नवरात्र पर गोशाला में हवन-यज्ञ का आयोजन



**करनाल।** नव संवत्सर 2083 एवं प्रथम नवरात्रि के पावन अवसर पर भारत विकास परिषद श्री राधा कृष्ण शाखा द्वारा श्री राधा कृष्ण गोशाला, अर्जुन गेट में श्रद्धा, भक्ति एवं आस्था के साथ हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। गोशाला में आयोजित इस यज्ञ का विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व बताया गया। इससे वातावरण शुद्ध होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही गोसेवा के माध्यम से पुण्य प्राप्ति का संदेश भी दिया गया। यह कार्यक्रम नव-निर्वाचित शाखा अध्यक्ष कुश सेठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला सह-समन्वयक प्रियंका कठपाल, सोनल खेतरपाल, रश्मि आर्या, राकेश अरोड़ा, प्रमोद नागपाल, परवीन कुकरेजा, प्रभा शर्मा, अनिल अरोड़ा, चित्रा सेठी, प्रीति गांधी आदि ने श्रद्धापूर्वक यज्ञ में आहुति डालकर पुण्य लाभ अर्जित किया। सभी सदस्यों ने धर्म, सेवा एवं संस्कार के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और समाज में एकता व सद्भावना का संदेश दिया।

**कार्यक्रम** श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति तरावड़ी ने किया आयोजन

## नवसंवत्सर व नवरात्रि पर अनाजमंडी में किया हवन, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति, तरावड़ी द्वारा अनाज मंडी परिसर में नवरात्रि एवं नव संवत्सर के पावन अवसर पर भव्य हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, व्यापारियों एवं समाजसेवियों ने भाग लेकर आहुति दी और सुख-समृद्धि की कामना की।

हवन यज्ञ के दौरान वातावरण भक्तिमय हो गया और उपस्थित लोगों को आध्यात्मिक शांति व सुकून की अनुभूति हुई। कार्यक्रम में अनाज मंडी के राइस मिलर्स, व्यापारी वर्ग एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। तरावड़ी अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान सुभाष गुप्ता, भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी के प्रधान विजय सिंगला तथा श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति के प्रधान सुभाष गुप्ता सहित सभी समितियों के सदस्यों ने हवन में आहुति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

इस अवसर पर समिति के प्रधान ने संयुक्त रूप से नव वर्ष एवं नव संवत्सर की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। उन्होंने सभी नागरिकों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।



तरावड़ी। नवरात्रि एवं नव संवत्सर के पावन अवसर पर हवन-यज्ञ में भाग लेते प्रधान व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### रक्तदान शिविर 11 अप्रैल को

## शिविर में 100 से अधिक युवा करेंगे रक्तदान : जांगड़ा

- रक्तदान करने से शरीर के अंदर खून स्वयं फिल्टर हो जाता है

**तरावड़ी।** तरावड़ी एकता मंच की ओर से शिक्षक, स्वच्छता व पर्यावरण प्रेमी स्वर्गीय जय भगवान जांगड़ा की 9वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरावड़ी में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंच के प्रधान वीरेंद्र जांगड़ा ने बताया कि इस 11 अप्रैल के शिविर में लगभग 100 से अधिक रक्तदाता रक्तदान करेंगे। उन्होंने बताया कि तरावड़ी एकता मंच का यह 9वां रक्तदान शिविर है और अभी तक मंच इन रक्तदान शिविरों के माध्यम से लगभग एक हजार यूनिट खून लोगों को जागरूक कर दान करवा चुका है।

रक्तदान को लेकर कुछ लोगों में आज भी भ्रातिंया हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है, लेकिन ऐसा नहीं है, बल्कि रक्तदान करने से शरीर के अंदर खून स्वयं फिल्टर हो जाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी किस्म का किया दान उतना पुण्य नही दिला पाता जितना रक्तदान करने से मिलता है, क्योंकि हमारे द्वारा किया गया रक्तदान गरीब महिलाओं के प्रसव के दौरान काम आता है और जो बच्चे थलिसिमिया के मरीज है उन्हें खून की हर सप्ताह जरूरत पड़ती है।

## खबर संक्षेप

### रास्ता रोककर मारपीट करने वाले पकड़े

**पानीपत।** थाना सदर पुलिस ने जोगिंद्र निवासी गांव ददलाना जिला पानीपत का रास्ता रोककर मारपीट करने के दो आरोपियों नरेश व टीटू निवासी गांव ददलाना जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार सदर नीरज ने बताया कि इस मामले में गांव ददलाना निवासी जोगिंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है।

### शिविर में प्रशासन ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जनता समाधान शिविर में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने जनसुनवाई की। शिविर में कुल 18 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें फैमिली आईडी में आय संशोधन, पेंशन, राशन कार्ड तथा पुलिस विभाग से जुड़े मामले प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### कलेक्टर रेट को लेकर बैठक

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में गुरुवार को उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में कलेक्टर रेट के संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में कलेक्टर रेट के निर्धारण को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। वहीं, डॉ दहिया ने कहा कि कलेक्टर रेट तय करते समय संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी है, ताकि आम जनता और प्रशासन दोनों के हितों का ध्यान रखा जा सके।

### प्राकृतिक खेती करें किसान

**पानीपत।** पानीपत के गांव पावटी में वीरवार को प्राकृतिक कृषि पर आधारित एक विशेष जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करना तथा कृषि विभाग की विभिन्न लाभकारी योजनाओं से अवगत कराना था, ताकि वे अपनी खेती को अधिक लाभकारी बनाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकें।

### शिक्षामंत्री ढांडा को सौंपा ज्ञापन

**पानीपत।** हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन हुकटा के प्रतिनिधिमंडल ने उच्च शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा को विश्वविद्यालयों के अनुबंधित शिक्षकों की जॉब सिक्योरिटी से जुड़े सेवा सुरक्षा बिल की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं तेज गति से पूरा करवाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

### ब्राह्मण समाज में खुशी की लहर, लड्डू बांटे

**पानीपत।** हरियाणा विधानसभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के द्वारा भगवान परशुराम स्मृति स्थल की घोषणा करने पर ब्राह्मण समाज में खुशी की लहर है। हरियाणा ब्राह्मण सभा प्रदेश अध्यक्ष सतीश गौतम डाहर के कार्यालय पर समाज के लोगों ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी मनाई है। सतीश गौतम डाहर कि हरियाणा के इतिहास में पहली बार ब्राह्मण समाज को बड़ी सौगात मिली है।

### ग्रामीणों ने नशे के खिलाफ शपथ ली

**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने वीरवार को उरलाना कला गांव में डोर टू डोर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे बताकर नशे के खिलाफ जागरूक किया और उन्हें नशे के विरुद्ध शपथ दिलवाई।

### विस का भ्रमण किया

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा हरियाणा विधानसभा चंडीगढ़ का शैक्षणिक भ्रमण किया। वहीं, प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह एवं राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्षा डॉ.किरण मदान एवं सहायक प्राध्यापिका खुशबू ने विद्यार्थियों को चंडीगढ के लिए रवाना किया।

### पाइट में चोरों का आतंक

**समालखा।** समालखा में जीटी रोड स्थित शैक्षणिक संस्थान पाइट में चोर ने आईटी स्टाफ रूम, बीबीए व एमबीए विभाग के स्टाफ रूम में टीचर्स आदि के पर्सनल बैगों से उनके पर्स, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड व वोटर आईडी समेत अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर लिए।

---

राष्ट्रपति अवॉर्ड विजेता प्रेम देहाती ने बिखेरा सुरों का जादू

# आर्य कॉलेज में रत्नावली युवा सांग महोत्सव का भव्य आगाज

पहले दिन पिंगला-भर्तृहरि के सांग ने दर्शकों को भावविभोर किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत




पानीपत। आर्य कॉलेज में अतिथियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

आर्य पीजी कॉलेज के ओपी शिंगला सभागार में हरियाणा की समृद्ध लोक-संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। अवसर था 11वें रत्नावली युवा सांग महोत्सव के शानदार शुभारंभ का। कार्यक्रम का आगाज़ दीप प्रज्वलन और ढोलक की गूंज के साथ हुआ, जिसने पूरे परिसर को हरियाणवी रंग में सराबोर कर दिया। महोत्सव के पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में हरपाल ढांडा ने कहा कि सांग हमारी माटी की वो पहचान है, जिसमें हमारे संस्कार और वीरता की कहानियां रची-बसी हैं। आर्य कॉलेज का यह प्रयास सराहनीय है कि वे आधुनिक दौर में भी युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ रहे हैं। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित प्रख्यात लोक गायक प्रेम देहाती ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। बॉलीवुड और हरियाणवी फिल्मों में अपनी आवाज का जादू बिखेर चुके प्रेम देहाती ने कहा कि सांग केवल मंचन नहीं, बल्कि साधना है। आज की युवा पीढ़ी को इस विधा को सहेज कर रखना होगा ताकि हमारी आने वाली नस्लें अपनी गौरवशाली विरासत को भूल न जाएं। इधर, महोत्सव के पहले दिन आरकेएसडी कॉलेज कैथल की टीम ने 'पिंगला-भर्तृहरि' के सांग का जीवंत मंचन किया।

- आर्य कॉलेज हमेशा से ही सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षक रहा

### अतिथियों का स्वागत किया

कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आर्य कॉलेज हमेशा से ही सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षक रहा है। रत्नावली युवा सांग महोत्सव का यह 11वां संस्करण इस बात का प्रमाण है कि लोक-कला के प्रति हमारा प्रेम और समर्पण अटूट है। वहीं, मंच संचालन पत्रकारिता विभाग के प्राध्यापक डॉ. दिनेश गाहल्याण ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रभारी डॉ. रामनिवास, कॉलेज की उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह, डॉ. गीतांजलि साहनी, डॉ. विजय सिंह, डॉ. नीलू आदि उपस्थित रहे।

---

# युवा हमारे देश का भविष्य: प्रमोद

- विधायक विज ने निजी कोष से खिलाड़ियों को बास्केटबाल पोल भेंट किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। विधायक प्रमोद विज के साथ बास्केटबॉल खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज ने खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अपने निजी कोष से बास्केटबॉल खिलाड़ियों को बास्केटबॉल पोल भेंट किए। वहीं विज ने खुद भी बच्चों के साथ बास्केट बॉल खेल कर उनका उत्साह बढाया। इधर, विधायक प्रमोद विज ने कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य हैं और खेल उन्हें अनुशासन, टीम भावना तथा स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करते हैं। वहीं, खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता हैं। अवसर पर मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा, पार्षद तरुण गांधी, अशोक कटारिया, अमित नारंग, प्रीतम गुर्जर, कमल अरोड़ा, वीरेंद्र तनेजा, अमित पंडित आदि मौजूद रहे।


### खिलाड़ियों ने विधायक विज का धन्यवाद किया

खिलाड़ियों ने विधायक विज का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह की सुविधाएं मिलने से उन्हें अभ्यास करने में काफी मदद मिलेगी और वे भविष्य में बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे।

---

# एलएनटी कॉलेज में किए मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा



एलएनटी कॉलेज के मेधावी विद्यार्थी अभिषेक, क्रिस्टी, अंजलि।

चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद द्वारा एमएड प्रथम समेस्टर के परीक्षा परिणाम में एलएनटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। वहीं, छात्र अभिषेक कुमार ने 77.78 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, छात्रा क्रिस्टी ने 77.50 प्रतिशत लेकर द्वितीय और अंजलि देवी ने 77.33 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इधर कॉलेज की अध्यक्ष शिक्षाविद् मीनाक्षी गुप्ता ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम हमारे छात्रों की लग्न, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। प्राचार्य डॉ. लोकेश शर्मा ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर डॉ. राजेश, डॉ. बलजीत सिंह, मनीषा, डॉ. दर्शन, डॉ. सुदेश, सोनिया, सत्यनारायण, प्रदीप कुमार, गोविंद, कमल व हिमांशु आदि उपस्थित रहे।

### एलपीजी गैस सिलेंडर लूटने की चेष्टा

**पानीपत।** पानीपत के गांव पसीना कलां में स्थित रावल इंडेन गैस एजेंसी में कार में सवार होकर आए बदमाश जबरन घुस गए। बदमाशों ने एजेंसी के ऑफिस में कार्य कर रहे कर्मचारियों को धमका कर काम बंद करवाया और एलपीजी गैस के सिलेंडर लूटने की भी चेष्टा की। इधर, रावल इंडेन गैस एजेंसी के संचालक आजाद रावल ने हुडा सेक्टर-29 थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बदमाशों ने एजेंसी पर सिलेंडर लेने आए आम लोगों को डरा-धमका कर बाहर निकाल दिया। वहीं रावल के पुत्र कृष्ण को बदमाशों ने हत्या की धमकी देकर एलपीजी गैस सिलेंडर लूटने की चेष्टा की।

---

# लीलावती की आंखें दान की

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

- चोपडा परिवार को प्रशंसा पत्र भेंट किया



समालखा। जन सेवा दल के पदाधिकारी स्व .लीलावती के परिजनों को प्रमाण पत्र भेंट करते हुए। फोटो: हरिभूमि

समालखा की पंचवटी कॉलोनी निवासी स्वर्गीय रूप चंद चोपड़ा की धर्मपत्नी 85 वर्षीय लीलावती चोपड़ा का निधन हो गया। वहीं, लीलावती के परिजनों ने उनकी आंखों का जन सेवा दल को दान किया। इस असवर पर समालखा जन सेवा दल के सचिव पंकज अरोड़ा और भारत विकास परिषद के सेवा संयोजक रवि सचदेवा ने बताया कि स्व.लीलावती चोपड़ा के पुत्र भगवान दास, मुकेश कुमार, दर्शन लाल, पुत्रवधू प्रीति, उषा, शालू, पौत्र तुषार, साहिल, नवीन, मोहित, विकास, चिराग, हर्ष, पौत्रियां झलक, स्नेह व सहज ने लीलावती की आंखों का दान किया। इस अवसर पर अर्पणा अस्पताल मधुबन, जन सेवा दल पानीपत के चमन लाल गुलाटी, कमल मनचंदा, संजीव खन्ना, रवि सचदेवा ने चोपडा परिवार को प्रशंसा पत्र भेंट किया।

---

# जीवन को उत्सव बनाना ही सबसे बड़ी कला

- संयमित व अनुशासित जीवन शैली एड्स से बचने का कारगर उपाय : सुदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। एसडी कॉलेज में अतिथियों के साथ स्वयंसेवी विद्यार्थी।

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सात दिवसीय विशेष एनएसएस कैंप के छठे दिन के पहले सत्र में सुरेंद्र गोयल पूर्व सीनियर मैनेजर सेफ्टी नेशनल फ़र्टिलाइज़र लिमिटेड पानीपत एवं आर्ट ऑफ़ लिविंग प्रशिक्षक और रविंद्र कुमार ने 'जीवन जीने की कला' और डॉ राकेश गर्ग प्रोग्राम ऑफिसर ने 'एनएसएस के कार्य और दायित्व'' विषयों पर जानदार ज्ञान स्वयंसेवकों को दिया। दोपहर के सत्र में सुदेश प्रोजेक्ट मैनेजर रेड क्रॉस सोसाइटी पानीपत ने 'एचआईवी एड्स और इससे बचाव', गुरप्रीत कौर आउटसोर्स वर्कर्स और अंजू ईआईसी कौंसलर ने अपने व्याख्यानों से स्वयंसेवकों को लाभान्वित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की एचआईवी एड्स जांचने के लिए रक्त की निशुल्क जांच की गई। जबकि मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी डॉ. राकेश गर्ग और डॉ. संतोष कुमारी ने पौधे-रोपित गमलें भेंट करके किया।

### हर विपरीत परिस्थिति में धैर्य, प्रेम व मुस्कान के साथ जीना है

सुरेंद्र गोयल पूर्व सीनियर मैनेजर सेफ्टी नेशनल फर्टिलाइज़र लिमिटेड एवं आर्ट ऑफ़ लिविंग प्रशिक्षक ने कहा कि केवल सांस लेना नहीं, बल्कि हर पल का उत्सव मनाना, वर्तमान में जीना और हर विपरीत परिस्थिति में धैर्य, प्रेम व मुस्कान के साथ जीना है। वहीं, योग, ध्यान और सांस लेने की तकनीकों को सिखने से मन शांत रहता है।

---

### मंडियों में बिना नंबर प्लेट ट्रैक्टरों की एंट्री बंद

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में गुरुवार को रबी फसलों की खरीद की तैयारी को लेकर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मंडियों की तैयारियों, खरीद प्रक्रिया की पारदर्शिता और किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विस्तार से चर्चा की गई। इधर, डीसी डॉ. दहिया ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि खरीद व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मंडियों में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिला पानीपत की अनाज मंडियों में आने वाले सभी ट्रैक्टरों पर नंबर प्लेट अनिवार्य होगी। बिना नंबर प्लेट वाले ट्रैक्टरों से किसी भी प्रकार की खरीद नहीं की जाएगी। इसके अलावा खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए बायोमेट्रिक प्रणाली को अनिवार्य किया गया है।

---

# पर्यावरण को घना करना युवाओं का कर्तव्य

- ग्रीनमैन प्रो .दलजीत की पर्यावरण को घना करने की मुहिम से जुड़े युवा वर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज में पौध रोपते हुए शिक्षक व विद्यार्थी।

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में इको क्लब अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र जागलान ने और ग्रीन मैन असिस्टेंट प्रोफेसर दलजीत कुमार के नेतृत्व में पौधरोपण अभियान चलाया गया। वहीं इस अभियान के तहत कॉलेज परिसर में जामुन सहित एक दर्जन से अधिक पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनाना रहा। इधर, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मुनीराम सहायक प्रोफेसर, मनोविज्ञान, राजकीय महिला कॉलेज गांव मतलौडा का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया।

### पौधरोपण को अपनी आदत बनाएं

डॉ. मुनीराम ने अपने संबोधन में ग्रीन मैन प्रो. दलजीत कुमार की सराहना करते हुए कहा कि प्रो. दलजीत द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान समाज के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने न केवल कॉलेज में बल्कि पूरे क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण की एक मजबूत मिसाल पेश की है। विशेष रूप से कॉलेज का हर्बल गार्डन अत्यंत सराहनीय है, जो विद्यार्थियों को औषधीय पौधों के महत्व से जोड़ने का एक बेहतरीन माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे भी पौधरोपण को अपनी आदत बनाएं और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

---

## यज्ञ कर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव विक्रम संवत का स्वागत किया

**पानीपत।** पानीपत के शहरी व ग्रामीण अचंल में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम नव संवत 2083 के शुभ आगमन का स्वागत नागरिकों ने माता के पूजन के साथ हर्षोल्लास से किया। चैत्र नवरात्रे पर श्रद्धालुओं ने माता का पूजन कर अपने उपवास शुरू किए। चौधरी देवीलाल मेमोरियल कन्या पीजी महाविद्यालय सिवाह में महिला प्रकोष्ठ के द्वारा नवरात्रि पर्व एवं हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 बहुत हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया, जिसकी शुरुआत यज्ञ के द्वारा की गई। सभी छात्राओं व प्रिंसिपल डॉ. सुमन लता सहित संपूर्ण स्टाफ ने जगत मंगल के लिए हवन में आहुतियां डाली। असिस्टेंट प्रोफेसर प्रियंका ने नवरात्रि के नौ दिनों में चक्रों मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत, विशुद्ध, आज्ञा, सहस्त्रार को जागृत करने की विधि बताई। नव संवत पर इंसार बाजार देवी मंदिर रोड एसोशिएशन की ओर से व्रत वाली खीर का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधान सुशील भराड़ा, विजय कुमार, ठाकुर बांगा, अशोक अरोड़ा, रॉकी बहल व अशोक बत्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



पानीपत। नववर्ष पर प्रसाद वितरित करते इंसार बाजार देवी मंदिर रोड एसो. के पदाधिकारी।

### जनहितैषी पार्टी है इनेलो: डॉ. नवीन

**पानीपत।** प्रधान महासचिव युवा इनेलो डॉ.नवीन नैन ने कहा कि हाल ही में हुए राज्यसभा चुनाव में हुड्डा गुट के नौ विधायकों की भूमिका अत्यंत संदिग्ध रही है और उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया। डॉ.नवीन नैन भालसी ने कहा कि इनेलो जनहितैषी पार्टी है। जहां एक ओर प्रदेश में राजनीतिक जोड़-तोड़ और पर्दे के पीछे साजिशें चल रही थी, वहीं दूसरी ओर अभय सिंह चौटाला ने अपनी दूरदर्शिता और मजबूत नेतृत्व से एक ही दांव में पूरी बाजी पलट दी। इनेलो जनहितैषी पार्टी है। इनेलो ने मजबूती के साथ खड़े होकर इस पूरे खेल को नाकाम किया और प्रदेश की जनता के विश्वास को कायम रखा।

**न्यायालय अमित कुमार एच.सी.एस. कलैक्टर समालखा**

1. कर्मसिंह पुत्र झण्डू 2. धर्मपाल पुत्र श्री कर्मसिंह पुत्र झण्डू 3. बलजीत 4. रमेश पुत्रान श्री अमर सिंह पुत्र झण्डू 5. रणधीर पुत्र खजान सिंह पुत्र शीबाराम 6. सोनू पुत्र पहल सिंह पुत्र अमर सिंह 7. महेन्द्र पुत्र अमर सिंह पुत्र झण्डू 8. राजेन्द्र 9. जोगिन्द्र पुत्रगण सहीराम पुत्र झण्डू निवासीगण गांव छाजपुर खुर्द तहसील बापौली जिला पानीपत 10. कृष्णा (मृतक) पत्नी नरेन्द्र पुत्र जयसिंह द्वारा वारसान क. शशी रावल पुत्री कृष्णा ख. साहिल ग. शिवम पुत्रगण कृष्णा निवासीगण गांव छाजपुर कलां तहसील बापौली जिला पानीपत 11. कमलेश पत्नी जयपाल पुत्र कर्मसिंह निवासी गांव छाजपुर खुर्द तहसील बापोली जिला पानीपत 12. सुशीला पत्नी तेजबीर पुत्र सुरजमल निवासी गांव राजाखेडी तहसील व जिला पानीपत। **प्रार्थीगण**

**बनाम**

1. श्रीमती शांति 2. श्रीमती प्रमेश्वरी पुत्रीयान सुबरी पुत्री सरुपी 3. नरायण दत्त पुत्र श्रीमती सुबरी पुत्री सरुपी 4. श्रीमती सुंदर पुत्री श्रीमती सरुपी विधवा चुहडसिंह उर्फ चुहडियामल 5. ओमप्रकाश पुत्र श्री कंवर सिंह पुत्र श्री भगवान दास निवासीगण गांव बबैल तहसील व जिला पानीपत 6. सुंदरलाल पुत्र मानसिंह पुत्र मंगतराम निवासी गांव बापौली जिला पानीपत। **उत्तरवादीगण**

उपरोक्त विषय पर आपको भेजकर लिखा जाता है कि प्रार्थी ने एक दावा बाबत रहन फकनामा गांव छाजपुर खुर्द तहसील समालखा जिला पानीपत ने इस न्यायालय में दायर किया है। इस न्यायालय द्वारा बार-2 नोटिस भेजने उपरान्त भी उत्तरवादीगण की तामिल ना हो रही है। अतः इस इस्तहार के तहत उत्तरवादीगण व उनके वारसान को सुचित किया जाता है कि उत्तरवादीगण अपने मुकदमा में निश्चित तारीख पेशी दिनांक 02-04-2026 को असालतन या बकालतन निम्नहस्ताक्षरी के न्यायालय में हाजिर आकर अपना जवाब प्रस्तुत कर सकते है। निश्चित समय पर उत्तरवादीगण के न्यायालय में हाजिर ना आने के कारण उनके विरूद्ध कार्यवाही यकतरफा अमल में लाई जावेगी। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 19-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया। दावा की प्रति इस पत्र के साथ सलंग्न है। जिसका क्रमांक नं.1163 है।

**अमित कुमार एच.सी.एस. कलैक्टर समालखा**

---

**सेमिनार** आईसीएआई में एसएफटी, ई-वेरिफिकेशन स्कूल, आयकर पर सेमिनार आयोजित

# एसएफटी फाइलिंग, ई-वेरिफिकेशन स्कीम एवं आयकर अधिनियम, 2025 से संबंधित दी जानकारी

- अतिथि मीना कुमारी इनकम टैक्स ऑफिसर, करनाल ने दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। आईसीएआई के अध्यक्ष सीए भूपेंद्र दीक्षित, अतिथियों का स्वागत करते हुए।

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की डायरेक्ट टैक्सेस कमेटी के तत्वावधान में उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद (एनआईआरसी) की पानीपत शाखा द्वारा प्रधान सीए भूपिंद्र दीक्षित की अध्यक्षता में सेमिनार का आयोजन किया। वहीं, सेमिनार का विषय स्टेटमेंट ऑफ फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन्स (एसएफटी) की फाइलिंग (फॉर्म 61ए एवं 61बी), ई-वेरिफिकेशन स्कीम एवं आयकर अधिनियम, 2025 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए आगे की दिशा रहा। इधर, अतिथि मीना कुमारी इनकम टैक्स ऑफिसर, करनाल ने दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं, सेमिनार के मुख्य वक्ता पंकज सराओगी रहे, जिन्होंने एसएफटी फाइलिंग, ई-वेरिफिकेशन स्कीम एवं आयकर अधिनियम, 2025 से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी।

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर सीए आयुषी खन्ना, सीए जितेंद्र बांगा, एनआईसीएएसए पानीपत चेयरमैन सीए कंवरदीप सिंह, सीए जगदीश धमीजा, सीए कृष्ण सेठी, सीए कुणाल कथूरिया, सीए विनोद ग्रोवर, सीए संजय जैन, सीए हंस राज खुराना, सीए राज कुमार रावल, सीए सुकेश गुप्ता, सीए सुमन गुप्ता, सीए जोगिंदर पाल, सीए गोविंद सैनी, सीए चिरंजीवी सोढ़ी, सीए मुकेश शर्मा, सीए जसबीर दहिया, सीए सुधीर शर्मा, सीए रमन मान, सीए अजय वर्मा एवं सीए मुकेश मित्तल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### घर से 11 लाख रुपये कीमत के जेवर चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव पाथरी निवासी महेंद्र के घर से चोरों ने करीब 11 लाख रुपये कीमत के सोने से बने जेवर चोरी कर लिए। वहीं, महेंद्र ने थाना मतलौडा पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पुत्रवधू पूजा अपनी अलमारी को ताला लगाकर और चाबी को अलमारी के ऊपर ही रखकर अपने मायके गांव मतलौडा चली गई थी। वहीं अलमारी में सोने से बने जेवर रखे थे। पूजा जब वापस आई तो उसने अलमारी में अपने जेवर गायब देखे।

वहीं, चोर ने गहने चोरी कर चाबी अलमारी के उपर रही रख दी। इधर, महेंद्र की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने अज्ञात पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

**नारायणगढ़।** उपमण्डल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं। उन्होंने सभी समस्याओं के समाधान के आदेश दिए। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करने के साथ ही आमजन की जो भी समस्याएं हैउनका समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निपटारा किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### गुटों के बीच हुए झगड़े में तीन युवक घायल

**जींद।** नरवाना केएम कालेज में दो गुटों के बीच हुए झगड़े में तीन युवक घायल हो गए। चाकू लगे एक युवक को अग्रोहा मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हनुमान नगर निवासी विकास 22 तथा मैंगलपुर निवासी अभिषेक का वीरवार को केएम कालेज मे आपस में कहासुनी हो गई। जो मारपीट तक जा पहुंची। जिसमें एक दूसरे पर डंडे बरसाए गए। इसमें दोनों साथी भी शामिल रहे। अभिषेक ने विकास को चाकू घोंप दिया।

### सीएम के नाम भेजा छह सूत्रीय मांग पत्र

**जींद।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन जिला कमेटी जींद और राज्य कमेटी हरियाणा का संयुक्त प्रतिनिधिमंडल सूरजभान की अध्यक्षता में सफीदों उपमंडल नागरिक अधिकारी कार्यालय में पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन राज्य प्रधान जगमाल सिंह ने कहा कि गत सात मार्च को सफीदों पटाखा फैक्ट्री में बहुत बड़ा हादसा हुआ है।

### जागरण को लेकर निमंत्रण दिया

**जींद।** शहीदे आजम युवा क्लब के तत्वावधान में 40वां विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन 28 को पटियाला चौंक स्थित जागरण ग्राऊंड में आयोजित होने जा रहा है। जागरण को लेकर क्लब सदस्य प्रधान गुलशन सलूजा के नेतृत्व में नागरिक अस्पताल में डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला से मिले और उन्हें जागरण को लेकर निमंत्रण दिया। डा. भोला ने भी सहर्ष निमंत्रण को स्वीकार किया।

## पूर्व राज्य मंत्री बोले सीएम नायब सैनी की अगुवाई में घूम रहा विकास पहिया

# विकास को मिली रफ्तार, मंडी में 37 लाख के कार्यों का हुआ शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने वीरवार को अनाज मंडी अंबाला शहर में एक्सटेंशन-टू के तहत मंडी में विकास कार्यों के तहत लगभग 37 लाख की लागत से इंटरलोकिंग टाईलों की गलियां व सडकों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन जसविंद्र सिंह उगाडा, वाइस चेयरमैन गुलशन कालडा व अन्य पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका भव्य अभिनंदन किया।

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने इस मौके पर आढतियों व व्यापारियों को यहां पर शुरू किए गए विकास कार्यों के शिलान्यास की बधाई देते हुए कहा कि इन विकास कार्यों के पूरा होने के बाद आढतियों व व्यापारियों के साथ-साथ मंडी में आने वाले लोगों को इसका काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के हर कौने में, हर विभाग में लगातार विकास के काम चल रहे हैं। इसी कडी में अंबाला शहर के अनाज मंडी के विस्तार के तहत लाखों रूपए की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि चारा मंडी, अनाज मंडी, सब्जी मंडी के पदाधिकारियों से भी उनकी बातचीत हुई है। उन्होंने इन सभी पदाधिकारियों को कहा है कि उनकी मंडियों से संबंधित जो भी विकास कार्य या कोई समस्या है उसे बताएं ताकि इन सभी कार्यों को सरकार के समक्ष रखकर इनका समाधान करवाया जा सके और आढतियों के साथ-साथ मंडियों में आने वाले किसानों व अन्य को ओर बेहतर सुविधाएं यहां पर मिल सकें।



अंबाला। पूर्व राज्यमंत्री का अभिनंदन करते मंडी कारोबारी। फोटो : हरिभूमि

### विकास कार्यों को लेकर काफी सजग : पूर्व मंत्री

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने इस मौके पर यह भी कहा कि मंडी के चेयरमैन जसविंद्र उगाड़ा मंडी में किए जाने वाले विकास कार्यों को लेकर वह काफी सजग हैं। मंडी से संबंधित जो भी समस्या या कार्य उनके संज्ञान में लाए जाते हैं उन्हें वे पूरा करवाने की दिशा में कार्य करवा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आगे भी मंडियों में यदि उनके समक्ष कोई भी विकास कार्य बताए जाएंगे उन्हें करवाने का काम किया जाएगा। इस मौके पर मार्केट कमेटी के सचिव दलेल सिंह, मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाणा, नन्यौला मार्किट कमेटी के चेयरमैन गुरचरण सिंह,सब्जी मंडी एसोसिएशन प्रधान अमरनाथ, भाजपा पदाधिकारी संजीव गोयल टोनी,सुंदर ढींगरा के साथ-साथ आढती, व्यापारी व शैलर मालिक मौजूद थे।



अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल।

### सीवरेज की समस्या को पूर्व मंत्री से मिले लोग

**अंबाला।** पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने वीरवार को अपने आवास पर विधानसभा के लोगों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के आदेश दिए। इसके साथ-साथ उन्होंने विकास कार्यों को भी चरणबद्ध तरीके से करवाने की बात कही। गोयल जन सुनवाई कार्यक्रम में पहुंचे लोगों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना और कुछ शिकायतों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने बारे निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश की 90 विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्यों को करवाने का काम किया जा रहा है। अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में भी अनगिनत ऐसे विकास कार्य हैं जिन्हें करवाने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में भी निंरतरता में विकास कार्यों की ब्यार बह रही है। आगे भी विकास कार्यों को निंरतरता मे करवाते हुए अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र को और सुंदर एवं विकसित बनाने का काम किया जाएगा। इस दौरान अंबाला शहर सेक्टर 1 से आए लोगों ने सीवरेज की समस्या , कई लोगो ने बिजली के बिल, पाइपलाईन बिछवाए जाने की समस्याएं रखी। गोयल ने इन सभी समस्याओं के प्राथमिकता के आधार पर समाधान करनें आदेश दिए। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान होगा। इस मौके पर कश्यप राजपूत पंजाबी वेल्फेयर सोसायटी के पदाधिकारियों ने 28 मार्च को उनके यहां पर आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रम के लिए निमंत्रण दिया।



अंबाला। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### स्लोगन प्रतियोगिता में भूमिका प्रथम, दिव्या द्वितीय

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें कन्वीनर रितु गुप्ता एवं सदस्य हिमांशी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए देशभक्ति और शहीदों के सम्मान में प्रभावशाली स्लोगन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क ने छात्राओं को शहीद भगत सिंह जैसे महान क्रांतिकारियों के जीवन से प्रेरणा लेने तथा राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संदेश दिया। कन्वीनर रितु गुप्ता ने छात्राओं को अनुशासन, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए शहीदों के प्रति सम्मान बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी महान कुर्बानियों को याद किया।



अंबाला। पग्रामीणों को संबोधित करते इनेलो नेता शेर सिंह।

### इनेलो के शेर सिंह बड़शामी ने भाजपा पर किया हमला

**अंबाला।** इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी चौधरी शेर सिंह बड़शामी ने 23 को नरवाना में पार्टी द्वारा आयोजित होने वाले युवा सम्मेलन (शहीदी दिवस) को सफल बनाने के लिए गांव खैरा में ग्रामीणें से मुलाकात की। यहां अपने संबोधन में उन्होंने लोगों को जात पात का ज़हर घोलने वालों को छोड़कर आपके हित के लिए कार्य करने वाले लोगों के साथ खड़े होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में बेरोज़गारी के साथ साथ हर वर्ग के साथ भेदभाव कर रही है। मगर लोगों की लड़ाई चौधरी अभय सिंह चौटाला लड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारा भी फर्ज बनता है कि एक बार उनका साथ देकर उन्हें प्रदेश की सत्ता उनके हाथ में सौपनें का अवसर दें। इस कार्यक्रम में उनके साथ हल्का के प्रभारी बलिंदर सिंह लंडा, प्रदेश महासचिव शीशपाल जंधेड़ी,,जिला अध्यक्ष जगमाल सिंह रोलों, हल्का अध्यक्ष चरणजीत मोहड़ी आदि मौजूद रहे।

## बच्चों ने बैंड की धुन पर हाथों में डिग्री लेकर किया रैंप वॉक, सभी ने प्रतिभा को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बराड़ा

शैमरॉक लिटिल फ्लावर स्कूल में वीरवार को ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। समारोह का मुख्य उद्देश्य नन्हे विद्यार्थियों को विदाई देना और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य पुष्पा देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात स्कूल प्रबंधन द्वारा उन्हें सैपलिंग भेंट कर सम्मानित किया गया। कक्षा प्रथम के छात्रों ने आकर्षक वेलकम डांस प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया, वहीं शैम प्रैप सीनियर के विद्यार्थियों ने प्रभावशाली थैंक यू स्पीच दी। इस अवसर पर रनशेर बक्शी, माहिर शर्मा, जसमीत कौर और काशवी चौहान ने अपने शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। शैम प्रैप सीनियर के बच्चों ने बैंड की मधुर धुनों पर हाथों में डिग्री लेकर रैंप वॉक करते हुए मंच पर प्रवेश किया और अपने माता-पिता, मुख्य अतिथि, स्कूल की मदर पुष्पा देवी, चेयरमैन इंद्रजीत सिंह, प्रधानाचार्या रूबी शर्मा एवं उप-प्रधानाचार्या सुमन शर्मा से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। समापन अवसर पर शैम प्रैप सीनियर के विद्यार्थियों ने थैंक यू डांस के माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।




बराड़ा। कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 16 एकड़ जमीन की खरीद-फरोख्त में ठगी

**शहजादपुर।** करीब 16 एकड़ जमीन बेचने का झांसा देकर 15 लाख रुपये की बयाना राशि हड़प ली। इसके बाद धोखाधड़ी से वही जमीन दूसरे पक्ष के नाम रजिस्ट्री करवा दी। एसपी के आदेश पर 11 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। अंबली गांव के ओमबीर सिंह ने बताया कि चंडीगढ़ के सेक्टर-46 निवासी सोनू, विजय सिंह और लक्ष्मी देवी ने मौजा कोडवा खुर्द में अपनी 128 कनाल 10 मरला (करीब साढ़े 16 किले) जमीन बेचने का सौदा उनके साथ किया था। जुलाई 2024 में यह सौदा 4.78 करोड़ रुपये में तय हुआ। ओमबीर ने 15 लाख रुपये बयाना राशि के तौर पर दिए थे। मई 2025 में आरोपियों ने जमीन के दाम बढ़ाने का दबाव बनाया। ओमबीर ने फंसता देख 31.50 लाख रुपये प्रति एकड़ के नए रेट पर दोबारा इकरारनामा किया।

## एनीमिया पर सख्त हुई मशीनरी, एसडीएम बोले: लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बराड़ा

एनीमिया मुक्त भारत अभियान को लेकर एसडीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक में स्पष्ट कर दिया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने की। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संस्थाओं के अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम ने कहा कि एनीमिया जैसी गंभीर समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ काम करना होगा और जमीनी स्तर पर परिणाम सुनिश्चित करने होंगे। एनीमिया मुक्त अभियान के कोऑर्डिनेटर विनय गांधी ने बताया कि महिलाओं, गर्भवती माताओं और बच्चों में तेजी से फैल रही खून की कमी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि नियमित आयरन व फोलिक एसिड की खुराक, संतुलित आहार और समय पर जांच ही इससे बचाव का प्रभावी तरीका है। इस दौरान सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र ने स्कूलों में सख्ती से दिशा-निर्देश लागू करने के निर्देश देते हुए कहा कि कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को गुलाबी और 6 से 12 तक के बच्चों को नीली आईएफए गोली सप्ताह में एक बार अनिवार्य रूप से दी जाए। साथ ही वर्ष में दो बार कृमि नियंत्रण दवा भी सुनिश्चित की जाए। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आईएफए गोलियों की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की कमी तुरंत उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाई जाए। उन्होंने स्कूलों में मॉर्निंग असेंबली, अभिभावक बैठकों और विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।



अंबाला। अधिकारियों को निर्देश देते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि



अंबाला। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र के सम्मानित करते प्राचार्य व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### भाषण में राजवर्धन को तीसरा स्थान

**अंबाला।** अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज के बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र राजवर्धन चौहान ने सुदर्शन कुमार बंसल मेमोरियल राष्ट्रीय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। चौहान ने इस प्रदर्शन से कॉलेज का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी एवं हिंदी विभाग और महिला प्रकोष्ठ, एमडीएसडी कॉलेज द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. आरएस परमार ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महिला प्रकोष्ठ (वुमन सेल) की प्रभारी प्रो. शिवानी डावर, वुमेन टीम सदस्य प्रो. प्रियंका मलिक, डॉ. गरिमा सुमरान और डॉ. मधु गोयल ने भी राजवर्धन को इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ हवन यज्ञ

- प्रधानाचार्या सुनीता कपूर, शिक्षकगण एवं समस्त स्टाफ ने यज्ञ में आहुति देकर नववर्ष को मंगलमय बनाने की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बराड़ा

डीएवी स्कूल बराड़ा में आर्य समाज का 152वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह आयोजन आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा हरियाणा एवं आर्य युवा समाज के तत्वावधान में चौत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत 2083 के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पवित्र हवन यज्ञ से हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता कपूर, शिक्षकगण एवं समस्त स्टाफ ने यज्ञ में आहुति देकर नववर्ष को मंगलमय बनाने की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्या सुनीता कपूर ने स्वामी दयानंद सरस्वती के आदर्श जीवन एवं आर्य समाज की स्थापना के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित सभी को नवरात्रों की शुभकामनाएं देते हुए इसके वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक महत्व से भी अवगत कराया। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा पांचवीं से सातवीं तक के विद्यार्थियों ने भाषण, कविता और स्लोगन के माध्यम से महर्षि स्वामी दयानंद के महान कार्यों को प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने अपने विचारों से सभी को प्रभावित किया। विद्यालय प्रांगण में आगामी 22 मार्च को हैदराबाद सत्याग्रह स्मरण दिवस के अवसर पर महात्मा आनंद स्वामी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी तथा उनके योगदान को याद किया जाएगा। वहीं, 25 मार्च को आर्य समाज एवं डीएवी परिवार के प्रमुख आर्य रत्न डॉ. पूनम सूरी के जन्मदिवस पर विशेष यज्ञ और वैदिक भजनों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्या ने सभी को स्वस्थ, सुखी एवं समृद्ध जीवन की शुभकामनाएं देते हुए आभार व्यक्त किया।



बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्कूल प्रबंधन व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

## फर्जी ट्रेडिंग एप के जरिए 3.50 लाख की ठगी, मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

शेयर बाजार में मुनाफे का झांसा देकर साइबर ठगों ने डिफेंस कॉलोनी के एक युवक से 3.50 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने पीड़ित को पहले व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर फर्जी ट्रेडिंग एप के जरिए लाखों का मुनाफा दिखाया। इसके बाद में मीशो कंपनी के भारी-भरकम आईपीओ का लालच देकर और पैसों की मांग की। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। साइबर क्राइम पुलिस ने केस दर्ज किया है। डिफेंस कॉलोनी के विकास अग्रवाल ने बताया कि वह घर पर टीचिंग एकेडमी चलाते हैं और पार्ट टाइम स्टॉक ट्रेडिंग करते हैं। मई 2025 में उनके मोबाइल पर स्टॉक टिप्स का एक मैसेज आया। इसमें दिए गए लिंक के जरिए उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल कर लिया गया। करीब चार महीने तक उन्हें ग्रुप में ट्रेडिंग के टिप्स दिए गए, ताकि उनका भरोसा जीता जा सके। ठगों ने खुद को एक कंपनी का प्रतिनिधि बताकर विकास का एक ट्रेडिंग अकाउंट खुलवाया और उन्हें एक वीआईपी ग्रुप में जोड़ दिया। ठगों के कहे अनुसार विकास ने अलग-अलग बैंक खातों में कुल 3.50 लाख रुपये जमा कराए। ठगों ने एक फर्जी मोबाइल एप पर विकास का निवेश और उस पर 8.50 लाख रुपये का मुनाफा भी दिखा दिया।

## सरकार की ओर से हर केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता बंदोबस्त, शांतिपूर्ण चल रहीं परिक्षाएं

# परीक्षा केंद्रों का बोर्ड के उपाध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण, परखी व्यवस्था

परीक्षार्थियों के लिए बैठक व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाएं बोर्ड के मानकों के अनुरूप दुरुस्त मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर ने वीरवार को सीनियर सैकेंडरी की वार्षिक परीक्षाओं को लेकर संटर का औचक निरीक्षण किया। वीरवार को गृह विज्ञान की परीक्षा जिले के विभिन्न केंद्रों पर संपन्न हुई। उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर ने निरीक्षण अभियान की शुरुआत अंबाला छावनी स्थित एसडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल से की। यहां उन्होंने परीक्षा हॉल में जाकर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली और केंद्र अधीक्षक को सुरक्षा के कड़े निर्देश दिए। इसके पश्चात, उपाध्यक्ष ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा के समापन की प्रक्रिया का अवलोकन किया। इन केंद्रों पर परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण रही। उपाध्यक्ष ने पाया कि परीक्षार्थियों के लिए बैठक व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाएं बोर्ड के मानकों के अनुरूप दुरुस्त थीं।



अंबाला। परीक्षा केंद्र का अवलोकन करते उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर।

### फ्लाइंग स्क्वायड की सक्रियता से परिक्षाओं में आई पारदर्शिता

फ्लाइंग स्क्वायड की सक्रियता के चलते अंबाला के इन केंद्रों पर अनुचित साधन (यूएमसी) का कोई भी मामला दर्ज नहीं किया गया। निरीक्षण के दौरान बोर्ड उपाध्यक्ष ने प्रदेश सरकार के प्रयासों की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की नकल मुक्त परीक्षा के प्रति दृढ़ इच्छा शक्ति का ही परिणाम है कि आज प्रदेश में बोर्ड परीक्षाएं इतनी शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो रही हैं। सरकार के इस सकारात्मक दृष्टिकोण ने शिक्षा बोर्ड के मनोबल को बढ़ाया है जिससे मेधावी छात्रों के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो पा रही है। सतीश ने पुलिस प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के आपसी तालमेल की सराहना की। उन्होंने अंत में दोहराया कि बोर्ड परीक्षाओं की पवित्रता बनाए रखने के लिए किसी भी स्तर पर कोताही बरतने वाले अधिकारियों या कर्मचारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### धोखाधड़ी का आरोपी रिमांड पर लिया

**अंबाला।** पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में कार्रवाई करते हुए विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपये हड़पने के मामले में आरोपी को नवां शहर पंजाब से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रविंद्र मोहन के तौर पर हुई है। पीड़ति महिला की शिकायत पर थाना पंजोखरा में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। महिला ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में उससे लगभग 2 लाख 50 हजार रुपए की राशि हड़प ली। न तो उसके बेटे को विदेश भेजा और न ही उसके पैसे वापिस किए बल्कि जान से मारने की धमकी दी है । महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। अब पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लिया है।